हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–266 : जौनपुर, सोमवार 31 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी के आखिरी गांव में अब तक नहीं पहुंची बिजली : 2013 में लगे थे खंभे

सोनभद्र ब्यूरो : इस चुनावी समर में हर तरफ विकास के दावे हो रहे हैं। सत्ता में रह चुके सभी अपनी–अपनी उपलब्धियां गिना रहे हैं मगर यूपी के आखिरी गांव के लोगों के सामने हर दावा खोखला है। यह वह गांव है, जहां आज तक बिजली की चमक नहीं पहुंच पाई है। सोनभद्र जिले के सदर विधानसभा क्षेत्र के चौरा गांव में काफी जद्दोजद के बाद वर्ष 2013 में खंभे तो लगा दिए गए लेकिन तार न होने से ग्रामीणों की बिजली देखने की हसरत अधूरी ही रह गई। महज चंद मीटर दूरी पर जब लोग बिहार के गांवों में रोशनी देखते हैं तो मन मसोस कर रह जाते हैं। केरोसिन का वितरण बंद होने के बाद उनकी दुश्वारी और बढ़ गई है। पहाड़ों से घिरा हुआ है गांव चौरा नक्सल प्रभावित नगवां ब्लाक के मड़पा ग्राम पंचायत का राजस्व गांव है। यह गांव चारों ओर पहाड़ों से घिरा हुआ है और बिहार की सीमा से सटा हुआ है। गांवों में विकास की तमाम योजनाएं पहुंचाने के वादे किए जाते रहे, लेकिन इस अंतिम छोर तक पहुंचने से पहले ही सारी योजनाएं दम तोड़ती रही हैं। गांव तक नहीं पहुंच सकी विकास की किरण प्रदेश में चाहे बसपा की सरकार रही हो या सपा और भाजपा की, किसी भी सरकार में इस गांव तक विकास की किरण नहीं पहुंच सकी। गांव के रामजतन खरवार, सत्यनारायण सिंह और सुदामा सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और बिजली विभाग के अधिकारियों को गांव में बिजली की समस्या के संबंध में अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ब्लॉक कार्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर इस गांव में जल्द



अधिकारियों का आना–जाना नहीं होता है। इस वजह से भी वे अपनी समस्याओं से अधिकारियों से अवगत नहीं करा पाते हैं। ग्रामीणों की मानें तो वर्ष 2013 में गांव में बिजली के खंभे लगे थे लेकिन तार नहीं खींचा गया। इससे गांव में बल्ब जलाने का सपना साकार नहीं हो सका। केरोसिन वितरण बंद कर दिए जाने के बाद से समस्या और बढ़ गई है। राबर्ट्सगंज खंड के एक्सईएन एसके सिंह ने कहा कि चौरा गांव में विद्युतीकरण के लिए सर्वे कराया गया है। आचार संहिता की वजह से काम शुरू नहीं हो सका। चुनाव बाद गांव में विद्युतीकरण करा दिया जाएगा। एक–दो स्थान पर लगे हैं सोलर लाइट चौरा गांव के कुछ लोग अपने घरों में सोलर लाइट लगवा रखे हैं। सोलर लाइट के जरिए मोबाइल चार्ज करते हैं। आसमान में बदली होने और बैटरी चार्ज न होने की स्थिति में प्रकाश की दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से विद्युतीकरण कराने की मांग की है।

## शहर के दो बड़े ज्वेलरी शोरूम और मालिकों के घर आयकर विभाग का छापा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर कोतवाली थाना अंतर्गत चहारसू चौराहे व सद्भावना पुल स्थित ज्वेलरी शोरूम के आसपास अचानक धमकी लग्जरी वाहनों वह उनमें सवार लोगों द्वारा धड़ाधड़ दुकान और मकान के अंदर घुसने को लेकर अफरा–तफरी मच गई। जब आईटी विभाग की टीम द्वारा शहर के दो प्रतिष्ठित ज्वेलरी शोरूम गहना कोठी और कीर्ति कुंज के दुकानों और मकानों पर आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। छापेमारी का दौर अभी जारी है।सोमवार सुबह शहर के बड़े सर्राफा कारोबारी और प्रतिष्ठित कीर्ति कुंज फर्म के एमडी के घर और ऑफिस के साथ ही गहना कोठी ज्वेलर्स के यहां आयकर विभाग ने छापा मारा है। शहर कोतवाली क्षेत्र के चहारसू चौराहा स्थित नन्हे लाल सेठ की ज्वेलरी शोरूम है। वह कीर्ति कुंज के विभिन्न फर्मों के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। इसी ज्वेलरी शोरूम से सटा उनका मकान भी है। सोमवार सुबह आयकर विभाग की टीम लगभग 20 वाहनों के साथ कोतवाली पुलिस के साथ छापेमारी के लिए पहुंची। गहना कोठी ज्वेलर्स के यहां भी टीम ने छापा मारा। सुरक्षा को देखते हुए पुलिस बाहर तैनात कर दी गई है। आयकर विभाग की टीम दोनों शोरूम के अंदर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। लखनऊ से आई आयकर विभाग की टीम ने पुलिस को बाहर




रोककर करीब दो घंटे तक आवास और प्रतिष्ठान की गहन तलाशी ली।फिलहाल टीम में शामिल अधिकारी कोई ब्यौरा नहीं दे रहे हैं। इससे पहले भी एक वर्ष पहले कीर्ति कुंज ज्वेलर्स के यहां छापा पड़ा था। समय भी टीम द्वारा कोई खास जानकारी नहीं दी गई थी सिर्फ आवश्यक दस्तावेज साथ ले जाने का मामला प्रकाश में आया था। बीते 1 वर्ष बाद पुनः प्रतिष्ठान पर छापेमारी कहीं ना कहीं कुछ सवालिया निशान जरूर खड़ा कर रही है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बनने के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## पूर्व कुलपति पीसी पातंजलि को पत्नी शोक : विश्वविद्यालय में हुई शोकसभा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर पीसी पातंजलि के पत्नी का निधन 27 जनवरी को हो गया था। इस सूचना से पूरा विश्वविद्यालय परिवार मर्माहत है। कुलपतिजीध ने व्यक्तिगत रूप से दूरभाष से शोक संवेदना प्रकट किया था। इस संबंध में विश्वविद्यालय के संकाय भवन में सोमवार को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोफेसर मौर्य ने कहा कि पूर्व कुलपति प्रो.पीसी पातंजलि जी की पत्नी श्रीमती सीता पातंजलि के निधन से विश्वविद्यालय परिवार को गहरा आघात लगा है, ईश्वर उन्हें श्री चरणों में स्थान दें। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर शिक्षकों की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में प्रो.मानस पांडेय, प्रो.अजय प्रताप सिंह, प्रो. राम नारायण, डॉ मनोज मिश्र, डॉ राजकुमार, डॉ मनीष गुप्त, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉक्टर मुराद अली, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, अनु त्यागी, डॉ वनिता सिंह, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ. सुशील कुमार, विजय मौर्य, डॉ. विवेक पांडेय, डॉ. सुधीर उपाध्याय,सतीश सिंह आदि उपस्थित थे।

## ब्राह्मणों को बसपा ने ठगा, सपा ने सताया, लेकिन आगे भाजपा ने बढ़ाया–ब्रजेश पाठक

लखनऊ एजेंसी : उत्तर प्रदेश के विधि एवं न्याय मंत्री और भाजपा के ब्राह्मण चेहरे ब्रजेश पाठक का मानना है कि बहुजन समाज पार्टी ने 2007 में ब्राह्मणों के समर्थन से सरकार तो बनाई, लेकिन उसके बाद ब्राह्मण समाज को ठगा गया। वहीं, 2012 से लेकर 2017 तक समाजवादी पार्टी के शासनकाल में ब्राह्मणों को जितना सताया गया, उतना अत्याचार उनपर पहले कभी नहीं हुआ। भाजपा की प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य ब्रजेश पाठक ने सचिन मुद्गल से बातचीत में सरकार और समाज से जुड़े मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखी।

**सवाल:** आपको भाजपा की स्थिति कैसी लग रही है?

**जवाब:** भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। इस बार 2017 का रिकॉर्ड टूटेगा। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से मकान, बिजली, रसोई गैस, मुफ्त डबल राशन, शौचालय, पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा भी मिला है। कोरोना महामारी में इलाज के साथ लोगों के जीवनयापन की चिंता भी सरकार ने की।

**सवाल:** आप कानून मंत्री हैं, कानून–व्यवस्था को कितना दुरुस्त मानते हैं?

**जवाब:** सपा सरकार के समय दंगाई और माफिया सरकार चलाते थे। प्रदेश की जनता वह मंजर नहीं भूल सकती, जब लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने एक सीओ को अपनी जीप के बोनट पर बांधकर घुमाया था। भाजपा सरकार के पांच वर्ष में किसी भी गुंडे, बदमाश या माफिया को इतनी दुस्साहस नहीं हुई कि ऐसी हरकत कर सके। संगठित अपराध पर अंकुश लगा है।

**सवाल:** बसपा ब्राह्मण मतदाताओं को लुभाने में लगी है, कितनी चुनौती है भाजपा के लिए?

**जवाब:** ब्राह्मण समाज भाजपा के साथ है और रहेगा। बसपा ने ब्राह्मण समाज का वोट लेकर 2007 में सरकार बनाई, लेकिन उसके बाद समाज ने खुद को ठगा हुआ महसूस किया। अखिलेश यादव ने पार्टी और सरकार में ब्राह्मणों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया। सपा सरकार के समय ब्राह्मणों को सताया गया। ब्राह्मण नेताओं की दुर्दशा की गई। भाजपा ने सरकार और संगठन में ब्राह्मणों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुद्दे पर हुए कार्यों का लाभ भी ब्राह्मण समाज को मिल रहा है। सपा और बसपा ब्राह्मणों को गुमराह करने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन वे सफल नहीं होंगी।

**सवाल:** क्या भाजपा जाटव वोट बैंक को साधने में कामयाब हो पाएगी?



**जवाब:** भाजपा जाटव समाज को मुख्य धारा में लाकर सम्मानजनक स्थान देना चाहती है। पीएम मोदी ने कुंभ में सफाई कर्मियों के चरण धोकर आशीर्वाद लिया था। एक समय था जब ताजमहल बनाने वालों के हाथ काटे गए थे। एक समय यह है, जब नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाने वाले श्रमिकों के साथ भोजन कर उन्हें सम्मानित किया।

**सवाल:** लखनऊ की सीटें अभी तक घोषित नहीं हुई हैं, आपकी भी सीट बदलने की चर्चा है?

**जवाब:** ये पार्टी नेतृत्व का मामला है। हमें पार्टी जो आदेश देगी उसका पालन करेंगे।

**सवाल:** पांच वर्ष में आपके विभाग की क्या उपलब्धि रही है?

**जवाब:** कोरोना काल में दर्ज तीन लाख मुकदमों को एक आदेश से वापस लिया। विभिन्न राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर दर्ज राजनीतिक मुकदमे वापस लिए हैं। सभी जिलों के स्थायी लोक अदालत का गठन किया। 110 नई फेमिली कोर्ट खोली गई है, वाणिज्यिक मुकदमों के निस्तारण के लिए 13 नए वाणिज्यिक कोर्ट खोले हैं। 218 पॉक्सो कोर्ट खोले गए हैं। एससी–एसटी मुकदमों के निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट खोले गए हैं।

**सवाल:** आपके साथ जो नेता दूसरे दलों से आए थे, वह सपा में शामिल हो गए, आपकी भी चर्चा थी?

**जवाब:** जो लोग भाजपा छोड़कर गए हैं, वे अपने समाज के लिए नहीं, बल्कि खुद के स्वार्थ के लिए गए हैं। मैं भाजपा का जिम्मेदार सिपाही हूं, भाजपा के साथ ही रहूंगा। जो लोग भाजपा छोड़कर गए हैं, उन्हें 10 मार्च को पछतावा होगा।

## सी–विजिल ऐप से जनता चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करें–उप जिला निर्वाचन अधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर जिलाधिकारी कक्ष में बैठक हुई जिसमें स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत सी विजिल व केवाईसी ऐप के बारे में जनता को जागरूक करने हेतु कहां गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने कहा कि जनता दोनों ऐप डाउनलोड कर जागरूक नागरिक बनें। उन्होने बताया कि निर्वाचन आयोग ने चुनाव में खड़े उम्मीदवारों का अपराधिक रिकॉर्ड देखने के लिए केवाईसी एप लॉन्च किया है। नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) एप से कोई भी व्यक्ति मोबाइल से उम्मीदवारों का अपराधिक रिकॉर्ड देख सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने आगे बताया कि सी–विजिल, (नागरिक सतर्कता) नागरिकों के लिए निर्वाचनों के दौरान आदर्श आचार संहिता और व्यय के उल्ध्लंघन की रिपोर्ट करने हेतु मोबाइल ऐप है। 'सी–विजिल' का अभिप्राय नागरिक सतर्कता से है और इसमें नागरिकों द्वारा निर्वाचनों के स्ध्वतन्ध्त्र एवं निष्ध्पक्ष संचालन के लिए परस्ध्पर सक्रिय और जिम्ध्मेदार भूमिका निभाने पर बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान लोग सी–विजिल ऐप डाउनलोड कर इसका इस्तेमाल करें। अगर चुनाव में धांधली हो रही है तो लोग इसके जरिए शिकायत करें चुनाव आयोग एक्शन लेंगा चुनाव आयोग ने सी–विजिल ऐप को चुनावों में




होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए तैयार किया है। इस ऐप की मदद से वोटर चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी दे सकते हैं। ऐप के जरिए नेताओं के द्वारा दिए गए विवादित बयानों की भी शिकायत की जा सकती है। इस अवसर पर अन्य अधिकारियों के साथ प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा आदि उपस्थित रहे।

## छह बार से विधायक रहे राजा राजीव कुमार सिंह का निधन : बेटे के लिए मांग रहे थे टिकट

बाराबंकी ब्यूरो : बाराबंकी के दरियाबाद से छह बार विधायक रहे राजा राजीव कुमार सिंह का निधन हो गया। 2 दिन पहले तबीयत बिगड़ने पर उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस बार वह विधानसभा चुनाव का बेटे के लिए टिकट मांग रहे थे। उनके निधन की खबर से शोक की लहर दौड़ गई। राजीव कुमार सिंह ने बाराबंकी में सबसे अधिक बार विधायक रहने का रिकॉर्ड बनाया है। 1985 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में दरियाबाद का विधायक बनने के बाद वह 6 बार विधायक रहे और लगातार तीन बार विधानसभा चुनाव जीत कर हैट्रिक भी मारी। 1985 से 1989 तक निर्दलीय विधायक रहने के बाद 1989 से 1991 तक कांग्रेस से विधायक रहे। इसके बाद 1996 से 2002 तक भाजपा से, 2002 से 2007 तक फिर भाजपा से, 2007 से 2012 तक सपा से और 2012 से 2017 तक भी सपा से विधायक रहे। इस बार राजीव कुमार सिंह राजनीति से संन्यास लेना चाहते थे इसीलिए उन्होंने अपने बेटे रितेश सिंह को आगे



किया था और उन्हीं के लिए टिकट मांग रहे थे लेकिन समाजवादी पार्टी ने उनको या उनके बेटे को टिकट न देते हुए यहां से पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप को टिकट दिया है। दो दिन पहले उनकी तबीयत बिगड़ी और उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार सुबह खबर आई कि राजीव कुमार सिंह का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से जहां दरियाबाद क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है वही पूरा जिला स्तब्ध है।

## थाना मछलीशहर पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमन्चा मय एक जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान व आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के शांति व्यवस्था के क्रम मे श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के तथा प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री अवनीश कुमार राय कुशल पर्यवेक्षण में व0उ0नि0 श्री रामप्रवेश कुशवाहा मय हमराही कर्मचारीगण के देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध वाहनों / व्यक्तियों के दौरान मुखबिर की सूचना पर कस्बा मछलीशहर लायल वण्डर स्कूल से छैलामिया का पूरा को जाने वाली सड़क के पुलिया के पास से अभियुक्त




रमाकान्त यादव पुत्र शिवबहादुर उर्फ छोटेलाल यादव निवासी छाछो थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर उम्र करीब 24 वर्ष को दिनांक 30.01.2022 गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त की जामा तलाशी से उसके कब्जे से एक अवैध तमन्चा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया । जिसके सम्बन्ध में थाना मछलीशहर पर मु0अ0सं0 44 / 22 धारा 3 / 25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्याया0 के समक्ष पेश किया जा रहा है । नाम पता अभियुक्त– 1. रमाकान्त यादव पुत्र शिवबहादुर उर्फ छोटेलाल यादव निवासी छाछो थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर । अभियुक्त का आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 160 / 21 धारा 356, 379, 506 प्च्ब थाना म0शहर जनपद जौनपुर । 2. मु0अ0सं0 161 / 21 धारा 3 / 25 शस्त्र अधिनियम थाना म0शहर जनपद जौनपुर। 3. मु0अ0सं0 23 / 21 धारा 323, 504, 506 प्च्ब थाना सिकरारा जनपद जौनपुर । 4. मु0अ0सं0 452 / 19 धारा 294, 323, 504, 506 प्च्ब व 3(1)द, ध ब्ैध्ैज ।बज थाना म0शहर जनपद जौनपुर। 5. मु0अ0सं0 259 / 18 धारा 147, 504, 506 थाना म0शहर जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. एक अवैध तमन्चा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर। गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. व0उ0नि0 श्री रामप्रवेश कुशवाहा, थाना मछलीशहर जौनपुर। 2. का0 योगेन्द्र कुमार, थाना मछलीशहर जौनपुर । 3. का0 संदीप कुमार, थाना मछलीशहर जौनपुर।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जीवन मिट जाता है लेकिन चाहत नहीं मिटती, चाहत सबसे बड़ी भिखारी है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# संसद सत्र की तैयारी : देश का बजट और बेरोजगारी

अगले हफ्ते जब केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा, तब उम्मीद है कि बढ़ते रोजगार संकट और बढ़ती गरीबी की परस्पर जुड़ी चुनौती को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। यह भी उम्मीद है कि आने वाला बजट बढ़ती आर्थिक असमानताओं को दूर करेगा। सबसे निचले पायदान पर रहने वाले लोगों के पास कोई पारिवारिक संपत्ति या सामाजिक सुरक्षा नहीं है। केंद्रीय बजट में ऐसे कमजोर परिवारों की सहायता के लिए अतिरिक्त प्रावधान करने चाहिए।

शहरी गरीबों के लिए मनरेगा की तर्ज पर शहरी रोजगार की पहल हो सकती है और अर्थव्यवस्था में सुधार होने तक मुफ्त खाद्य वितरण को जारी रखा जा सकता है। चूंकि रोजगार संभवतः सबसे बड़ी चिंता है, और जनसंख्या विस्फोट के चलते देश का जनसांख्यिकीय लाभांश खतरे में है, क्योंकि रोजगार चाहने वाले युवा दिन–ब–दिन हताश होते जा रहे हैं, इसलिए हमें सार्वजनिक खर्च में तेज वृद्धि और कार्यान्वयन पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

नरेंद्र मोदी सरकार ने वर्ष 2021 के दौरान कई बड़ी पहल की, जिनमें ई–श्रम पोर्टल का उद्घाटन, ईपीएफओ से जुड़ी आत्मनिर्भर भारत योजना, गुरुग्राम (मानेसर), शाहजहांपुर, हरिद्वार, विशाखापट्टनम, मेरठ और तिनसुकिया (असम) में नए ईएसआईसी अस्पताल की स्थापना आदि शामिल हैं। दिसंबर, 2021 का एक आधिकारिक बयान बताता है कि रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और कोविड–19 महामारी के सामाजिक–आर्थिक प्रभाव को कम करने के लिए, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 30 दिसंबर, 2020 को ईपीएफओ से जुड़ी आत्मानिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) से संबंधित अधिसूचना जारी की।

एबीआरवाई का उद्देश्य अनौपचारिक रोजगार को औपचारिक रूप देने में मदद करना और कोविड–19 महामारी के दौरान और उसके बाद रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। जहां तक रोजगार सृजन का संबंध है, हमें लगातार इस पर नजर रखने की जरूरत है कि मौजूदा योजनाएं किस तरह आगे बढ़ रही हैं और उन लाखों लोगों को ऊपर उठाने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है, जो अब भी एक अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं।

प्रो जयती घोष जैसे विकास अर्थशास्त्रियों ने सुझाव दिया है कि राज्य द्वारा प्रत्यक्ष रोजगार सृजन (ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के महत्वपूर्ण विस्तार और राष्ट्रीय स्तर पर शहरी रोजगार कार्यक्रम के निर्माण के माध्यम से) पहले से कहीं अधिक जरूरी आवश्यकता है। मनरेगा शहरी और ग्रामीण भारत, दोनों में पहले से ही निराश्रित और नए गरीबों के लिए एक जीवन रेखा रही है। लेकिन इस योजना को वास्तव में प्रभावी बनाने के लिए बहुत अधिक धन की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्तर पर मनरेगा के तहत अब भी औसतन 50 दिन से कम काम दिए जाते हैं। उनके मुताबिक, मनरेगा में पूरे 100 दिनों के लिए बजटीय प्रावधान करना जरूरी है।

छह साल पहले शुरू की गई प्रधानमंत्री जन धन योजना में दिसंबर, 2021 तक 40.35 करोड़ खाते में कुल 13 खरब रुपये से ज्यादा की राशि जमा थी। लेकिन लोगों को उन बैंक खातों में धान के निरंतर प्रवाह की आवश्यकता है। समाज के निचले पायदान पर रहने वाले लोगों के हाथ में पैसा रहेगा, तभी वह अधिक खपत को बढ़ावा देगा और इसका सकारात्मक असर होगा।

यह संभावित रूप से सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के पुनरुद्धार को गति दे सकता है, जो मांग की कमी के कारण ठप हैं या खत्म हो रहे हैं। इससे आर्थिक पुनरुद्धार को भी बढ़ावा मिलेगा। महामारी के तीसरे वर्ष में, नौकरी छूटना, कम कमाई और भविष्य के बारे में अनिश्चितता भारतीयों के लिए विनाशकारी है। युवाओं में गुस्सा बढ़ रहा है और कभी–कभी सड़कों पर फैल रहा है, क्योंकि नौकरी तलाशने वाले बहुत हैं और नौकरियां कम हैं।

यह कोई रहस्य नहीं है कि महामारी से पहले भी भारत में नौकरी का गंभीर संकट था। वर्ष 2017–18 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में बेरोजगारी दर 45 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। वर्ष 2018–19 और 2019–20 के पीएलएफएस सर्वे ने रोजगार में थोड़ा सुधार दिखाया, पर जो कुछ भी हासिल किया गया था, उसे महामारी की दो लहरों और फिर ओमिक्रॉन ने मिटा दिया है। महामारी एवं उससे जुड़े प्रतिबंधों ने लोगों की कमाई को बुरी तरह प्रभावित किया। अनेक लोग महामारी के कारण भारी कर्ज में डूबे हैं और उनकी बचत भी खत्म हो गई।

आने वाले हफ्तों में जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, वहां भी बेरोजगारी का संकट गहराया हुआ है। महामारी के दौरान असमानता बढ़ी है। पीपुल्स रिसर्च ऑन इंडियाज कंज्यूमर इकनॉमी द्वारा अप्रैल से अक्तूबर, 2021 के बीच कराए गए सर्वे के मुताबिक, सबसे गरीब 20 फीसदी भारतीय परिवारों की वार्षिक आय 1995 से बढ़ रही थी, पर महामारी वर्ष 2020–21 में 2015–16 के स्तर से 53 फीसदी कम हो गई। इन्हीं पांच वर्ष की अवधि के दौरान सबसे अमीर 20 फीसदी भारतीयों की वार्षिक घरेलू आय में 39 फीसदी की वृद्धि देखी गई। जाहिर है, अरबपतियों की बढ़ती संपत्ति कम नहीं हुई।

शहरी गरीब विशेष रूप से कमजोर होते हैं, क्योंकि उनके पास वह सामाजिक समर्थन नहीं होता, जो उनके ग्रामीण समकक्षों के पास होता है। गांव में लोगों के सिर पर छत होती है, भले ही वह फूस की हो और जमीन का एक छोटा–सा भूखंड होता है, जहां कम से कम वह थोड़ी देर के लिए टिक सकता है। भले ही कम मजदूरी मिले, पर खेतों में काम मिल जाता है। लेकिन शहरों में चाहे महामारी हो या नहीं, मकान मालिक घर का किराया मांगते हैं, खाने के लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

मार्च, 2021 में प्यू रिसर्च सेंटर के विश्लेषण से पता चला कि महामारी की पहली लहर ने 7.5 करोड़ भारतीयों को गरीबी में धकेल दिया और मध्यवर्ग से 3.2 करोड़ लोग बाहर निकल गए। महामारी की दूसरी लहर ने और अधिक लोगों को गरीबी में धकेला, क्योंकि इसने कई गुना ज्यादा लोगों को मारा और संक्रमित किया। महामारी ने लाखों लोगों को मौत, इलाज खर्च, नौकरी एवं व्यवसाय के नुकसान के कारण गरीबी के गड्ढे में धकेला। ऐसे में, आने वाले बजट में रोजगार सृजन राजनीतिक प्राथमिकता में होना चाहिए। और यह अपने आप नहीं होगा। इसके लिए सरकार से बड़े प्रोत्साहन की जरूरत होगी। सबसे ज्यादा जरूरी लोगों में उम्मीद जगाने की आवश्यकता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# प्रेस क्लब में पत्रकारिता के प्रति विश्वसनीयता विषय पर हुई कार्यशाला

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पत्रकारिता के प्रति विश्वसनीयता विषयक कार्यशाला का आज हरदोई प्रेस क्लब में आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार वीरेश शुक्ला, रामस्वरूप, पीके गुप्ता व रितेश मिश्रा ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रेस की विश्वसनीयता बनाये रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष हरिश्याम बाजपेयी ने की व संचालन फरहान सागरी ने किया। इस मौके पर पत्रकार उत्तम अवस्थी को मीडिया प्रमुख व फरहान सागरी को संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। कार्यशाला में वरिष्ठ पत्रकार रामस्वरूप ने फोटो जर्नलिज्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिना फोटो के अखबार अधूरा होता है। वरिष्ठ पत्रकार वीरेश शुक्ला ने कहा कि पत्रकार जब पक्षकार बन जाता है तब प्रेस के प्रति विश्वसनीयता घटने लगती है, संबंध खबरों में नही दिखने चाहिए, समाचारों का लेखन निष्पक्ष तरीके से हो तभी पत्रकारिता के प्रति विश्वास बढ़ता है। इसी क्रम में वरिष्ठ पत्रकार पीके गुप्ता ने कहा कि प्रेस क्लब एक ऐसा माध्यम है जहां सभी पत्रकारों को आपसी संबंधा बरकार रखते हुए एकजुटता का मंच मिला है। उन्होंने अपने अनुभवों से नवोदित पत्रकारों का मार्गदर्शन किया। पत्रकार विजय लक्ष्मी ने




पत्रकारिता की विश्वसनीयता के लिए अपने अनुभव साझा किए, उन्होंने कहा कि पत्रकारिता को रोजगार का माध्यम न बनाया जाए, तभी निष्पक्ष पत्रकारिता हो सकती है। कार्यक्रम के अंत में प्रेस क्लब के अध्यक्ष हरिश्याम बाजपेयी ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पत्रकार आकाश शुक्ला, वीरेश गुप्ता, नईम अली, सागर पांडेय, अमित अवस्थी, विनय गुप्ता, शरद द्विवेदी, अरुण शर्मा, अजय पांडेय, सलमान सिद्दीकी, माधव गोविंद, अजय कुमार, सुनील भारती आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# माल क्षेत्र में दबंगो का बोलबाला : दलितों को खुले आम दबंग जान से मारने की करते है कोशिश

आर एल पाण्डेय लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फुलतारा निवासी रामलाल पुत्र अर्जुन व उनके साथी पूर्व प्रधान गंगाराम मलिहाबाद से घर वापस आ रहे थे करीब शाम के 5:30 पुरानी रंजिश मानते हुए धर्मेंद्र पुत्र रामगोपाल विवेक दीक्षित पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम पतौना बब्लू पुत्र रामनरेश निवासी रघुनाथपुर वर्तमान प्रधान पुत्र ललित यादव पुत्र बाराती दबंग लोगो ने हमारी मोटरसाइकिल पतौना त्रीव मोड़ के पास जबरजस्ती रुकवाई और जाति सूचक गाली देते रहे माँ बहन की गाली देते हुए बोले कि जान से मार डालो सालो को जो होगा हम सब देख लेंगे पार्थी गंगाराम व उसके साथी ने शोर गुल करना शुरू कर दिया जब कुछ लोगो को आते देख गंगाराम व उसके साथी ने वंहा से भाग निकले पार्थी का कहना है कि अगर भागते नही तो जान से मार देते माल थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि हमारी जान माल को खतरा है पीड़ित ने बताया अभी तक कोई माल थाने से जांच के लिए कोई भी प्रशासन नही आया है



क्या माल थाना प्रभारी बड़ी घटना का अंजाम होने की राह देख रहे है पीड़ित ने कहा कि जब जान से मार दिए जाएंगे तभी माल थाने की पुलिस एक दलित का पंचनमा करने पहुचेगी साहब बचा लो नही तो मेरी जान माल का खतरा है।

# सभी अमावस्या में मौनी अमावस्या खास मानी जाती है : साल 2022 में मौनी अमावस्या कल

आचार्य आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्नान दान श्राद्ध की अमावस्या के दिन पितृ पूजन का विशेष महत्व है. इस दिन मौन व्रत रखकर पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए खास उपाय किए जाते हैं. शास्त्रों के मुताबिक जो लोग पितृ दोष के पीड़ित हैं या उन्हें शुभ कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है, या फिर घर–परिवार में सुख–शांति का अभाव रहता है, उन्हें मौनी अमावस्या पर कुछ उपाय करने से इन समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है. आइए जानते हैं इन उपायों के बारे में. मौनी अमावस्या पर ऐसे करें पितृ पूजन –इस दिन पितरों का नाम लेकर स्मरण करते हुए उगते हुए सूर्य को जल अर्पित करें. –पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए लोटे में जल लेकर इसमें काले तिल और लाल फूल डालें. –इसके बाद पितृ देव से प्रार्थना करते हुए सूर्य देव को जल चढ़ाएं. –पीपल के पेड़ में जल अर्पित करने के बाद श्वेत मिठाई चढ़ाकर इसकी परिक्रमा करें और पितृ देव से अपने और परिवार की सुख–समृद्धि की कामना करें. –मौनी अमावस्या के दिन जरुरतमंद को तिल के लड्डू, तिल का तेल, वस्त्र, कंबल और आंवला इत्यादि भेंट



स्वरूप दें. कैसे करें पितृ दोष का निवारण? मौनी अमावस्या के दिन गायत्री मंत्र का जाप करने पर सूर्य मजबूत होता है. जिसके पितृ दोष का प्रभाव कम होता है. इसके अलावा जिस प्रकार भगवान की पूजा के अंत में उनसे क्षमा प्रार्थना करते हैं, उसी तरह पितरों से भी जाने अंजाने हुई गलतियों की क्षमा मांगें. ऐसा करने से पितृ दोष का निवारण हो जाता है. साथ ही अमावस्या के दिन पितरों के निमित्त गरीबों को खीर खिलाएं. संभव हो तो गीता का पाठ करें।

## मोदी सरकार में महंगाई बनी घर जमाई–कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला

लखनऊ ब्यूरो : कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपी चुनाव में श्मशान और तमंचावादी सहित विभाजनकारी सभी प्रकार की कोशिशें हो रही हैं लेकिन महंगाई और बेरोजगारी पर कोई चर्चा नहीं हो रही है इसलिए हम कहते हैं कि भाजपा हराइए, महंगाई से निजात पाइए। उन्होंने कहा कि हम सुबह चाय बनाते हैं तो सिलेंडर हजार रुपए पार। खाना बनाते हैं तो तेल दो सौ रुपया पार आफिस जाते हैं तो पेट्रोल सौ रुपये पार और रात में लौटते हैं तो दूध, सब्जी सब कुछ महंगा। सुरजेवाला ने कहा कि डायन महंगाई मोदी–योगी सरकार में जमाई बन गई है। लोग गरीब से गरीब होते जा रहे हैं और हम दो हमारे दो की सम्पत्ति रोज बढ़ रही है। सुरजेवाला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस की कीमत कम हो गई है लेकिन फिर भी चार सौ का सिलेंडर हजार रुपए का हो गया है। रेल भाड़े में 343 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एक जनवरी से दस चीजों की कीमत बढ़ा दी गई हैं। एक हजार तक की कीमत वाले कपड़े पर जीएसटी पांच से बारह फीसद कर दिया गया है। इसे 31 मार्च तक



स्थगित किया गया है क्योंकि चुनाव हैं। जूते–चप्पल पर भी इतना ही टैक्स बढ़ाया गया है। होम डिलीवरी में खाना मंगाने पर पांच फीसदी टैक्स लगाया गया है। एटीएम से पैसा निकालने या डालने पर भी 21 रुपए टैक्स लगेगा। ऊबर–ओला पर भी पांच फीसदी टैक्स लगेगा। ऑटोमोबाइल की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। सीमेंट भी चार सौ रुपए पार हो गई है। स्टील में एक साल के भीतर दो सौ पंद्रह फीसदी की बढ़त हो गई है।

# प्रगतिशील कृषक के खेत पर कृषि गोष्ठी का आयोजन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत अशरखपुर में प्रगतिशील कृषक भीम सिंह के खेत पर एक कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें से क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक कृषि वैज्ञानिक एवं पत्रकार बंधुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कृषक गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक रिटायर्ड डॉक्टर रवि प्रकाश मौर्य रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में सुधा फाउंडेशन एवं एफपीओ की डायरेक्टर सुधा सिंह रही प्रगतिशील कृषक भीम सिंह द्वारा की गई सब्जी एवं सरसों की खेती को अतिथियों द्वारा भ्रमण कर अवलोकन किया गया इस मौके पर कृषि वैज्ञानिक ने डॉ रवि प्रकाश मौर्या ने मीडिया को बताते हुए कहा कि कृषि कार्य को मैं वैज्ञानिक विधि अपनाना अत्यंत जरूरी है जिससे खेती पर लगने वाला पूंजी को कम किया जाए और उत्पाद को बढ़ाया जाए और समय–समय पर वैज्ञानिकों की सलाह को माना जाए कृषि वैज्ञानिक ने इस कार्य के साथ–साथ मधुमक्खी पालन मशरूम की खेती और पशुपालन को साथ में करने की सलाह दी जिससे कृषि के कार्य के साथ–साथ अधिक लाभ लिया जा सकता है फसलों के कीट नियंत्रण के बारे में भी आपने उचित सलाह दें वहीं पर उपस्थित सुधा सिंह ने बताया कि छोटे किसान अब पशु केसीसी बनाकर अपने पशुपालन के कार्य को बढ़ा सकते हैं जिसके लिए केसीसी की उपयोगिता और उससे मिलने वाले लाभ के बारे में कृषकों को जानकारी दी प्रगतिशील कृषक भीम सिंह ने बताया कि मैं कृषि कार्य से को अपना आमदनी का जरिया बनाया वहीं पर अपने ग्राम वासियों इस कृषि कार्य में 20 से 25 महिलाओं और पुरुषों को रोजगार गांव में ही दे रहे हैं यह हमारे लिए गौरव की बात है इसी क्षेत्र के राज्यपाल द्वारा सम्मानित कृषक सुहेल आलम के द्वारा एक अच्छा प्रयास इस क्षेत्र मे कृषकों भा रहा है क्षेत्र मे नए ढंग से खेती एंव बागवानी करने वाले कृषकों के किए गए कार्यों को मौके पर पहुचकर उनकी हौसला अफजाई और उनके किए गए कार्यों को उजागर करके क्षेत्र इन्हीं किसानों के सीख ले कर



और भी किसान लाभान्वित हो रहे हैं इसी कड़ी में सुहेल आलम के सहयोग से अशरखपुर में क्षेत्र के सम्मानित पत्रकार कृषि वैज्ञानिक और कृषकों के साथ खेतों का भ्रमण एवं अनुभवी कृषकों अनुभव साझा किया गया और कृषि उत्पाद को सीधे उपभोक्ता तक कैसे पहुंचाया जाए इस विषय में विस्तार पूर्वक मंथन किया गया जिससे किसान अपने कृषक उत्पाद से अधिक लाभ ले सकें प्रगतिशील कृषक भीम सिंह ने आए हुए अतिथियों को अपने कृषि उत्पाद भेंट कर सम्मानित किया।इस मौके पर ग्रामीण महिलाएं एवं कृषको के साथ–साथ क्षेत्र के पत्रकार और प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

## जिले में शुरू ही नामांकन प्रक्रिया एक फरवरी से प्रत्यासी कर सकेंगें नामांकन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : कलेक्ट्रेट में बने पांच नामांकन केंद्र,बैरीकेडिंग के साथ सुरक्षा घेरे में।एक फरवरी से पांचवें चरण के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट में पांच नामांकन केंद्र बनाए गए हैं। बैरिकेडिंग के जरिए



परिसर को सुरक्षा घेरे में तब्दील किया गया है। इसौली,सुलतानपुर, जयसिंहपुर सदर,कादीपुर और लंभुआ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी नामांकन पत्र मंगलवार से दाखिल करेंगे। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर क्षेत्राधिकारी नगर राघवेंद्र चतुर्वेदी और नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

# महिलाओं ने युवक को बीच सड़क दौड़ा–दौड़ाकर पीटा : कपड़े फाड़ डाले

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ के विकास नगर इलाके में एक युवक को उसकी प्रेमिका की सहेली व सहकर्मियों ने जमकर पीटा साथ ही भागने पर सड़क पर दौड़ा–दौड़ाकर पीटा। मारपीट में युवक के कपड़े तक फट गए। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद सक्रिय हुई पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। जहां दोनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। विकासनगर पुलिस के मुताबिक, सीतापुर निवासी रहीम केला बेचता है। सोमवार सुबह टेढ़ी पुलिया सब्जी मंडी के पास अपनी एक महिला दोस्त से मिला। जो पास ही स्थित एक ऑफिस में काम करती है। जहां घरेलू नौकर उपलब्ध कराने का काम होता है। जिसे आर्या शुक्ला चलाती हैं। दोनों बातचीत के बाद ऑफिस पहुंच गए। जहां की एक महिला कर्मचारी ने दोनों को अश्लीलता करते देख शोर मचा दिया। इस पर आर्या शुक्ला समेत कई कर्मचारी व आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिसके बाद सभी ने मिलकर रहीम की पिटाई कर दी। मारपीट में युवक के कपड़े भी फट गए। लोगों



ने युवक को बचाकर पुलिस को सूचना दी। वहीं, कुछ लोगों ने वीडियो भी बना लिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में आ गई। प्रभारी निरीक्षक आंनद तिवारी के मुताबिक दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। साक्ष्य व तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चंदौली में चोरों ने बैंक से पार किए लाखों के गहने : 39 लॉकर टूटे मिले : बैंक में रखा कैश सुरक्षित

चंदौली ब्यूरो : ठंड और घने कोहरे के साये में यूपी के चंदौली में हौसलाबुलंद चोरों ने रविवार रात मुख्यालय स्थित इंडियन बैंक की शाखा में सेंध लगा दी। चोरों ने लॉकर तोड़कर लाखों के गहने पार कर दिए। हालांकि कैश केबिन में रखी रकम पूरी तरह से सुरक्षित है। सोमवार सुबह बैंक खोलने पहुंचे कर्मचारियों को जब बैंक में चोरी की भनक तो लगी सभी अवाक रह गए। सूचना पाकर बैंक के उच्चाधिकारी और पुलिस ने मौका मुआयना किया। मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो बैंक में कैश केबिन एकदम सुरक्षित है। हालांकि आभूषण रखने वाले 39 लॉकरों के तोड़ने की बात सामने आ रही है। पुलिस के अफसर और बैंककर्मी बैंक का मेन गेट बंद करके अंदर मिलान कर रहे हैं। दो जनवरी को बैंक ऑफ इंडिया में हुई थी चोरी स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही कुछ सामने आ सकेगा। हालांकि अनुमान लगाया जा रहा है कि 50 लाख से अधिक के आभूषणों पर चोरों ने हाथ साफ किया है। चंदौली में पुलिस की लाख सख्ती के बाद भी चोरों के होसले बुलंद है। इससे पहले बीते दो जनवरी को मुख्यालय



स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में चोरों ने सेंध लगाई थी। चोरों ने बैंक की छत काटकर चोरी को अंजाम दिया था। मामले में बताया गया था कि चोरों को जब नकदी नहीं मिली तो वो सिक्कों से भरी बोरी उठा कर ले गए थे। छानबीन करने पर पता चला कि दराज में रखा गया 28 हजार रुपये मूल्य का सिक्के गायब थे। कैश केबिन और लॉकर सुरक्षित था।

## मौनी अमावस्या नजदीक आते ही आस्था का केंद्र मां चंद्रिका देवी मंदिर में मुंडन संस्कार हुए प्रारंभ

आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव प्रकाश शुक्ला ने आस्था के केंद्र मां चंद्रिका देवी मंदिर में अपनी भांजी मिस्टी शुक्ला का मुंडन संस्कार संपन्न कराया, पूरे समय मंदिर परिसर में मौके पर उपस्थित रहे । इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा वाहिनी संघ नाथ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव प्रकाश



शुक्ला के तमाम रिश्तेदारों के अलावा बहन पूनम शुक्ला बहनोई सत्येंद्र शुक्ला मौजूद रहे।

# 02 तमंचा मय कारतूस के साथ दो अभियुक्तों को थाना महराजगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के आपराधिक कार्य की रोकथाम, गिरफ्तारी, बरामदगी तथा अनावरण हेतु शेष अभियोगो के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण, निर्देशन में थानाध्यक्ष रमेश कुमार थाना महराजगंज जनपद जौनपुर के नेतृत्व में थाना महराजगंज पुलिस द्वारा राजाबाजार–प्रतापगढ बार्डर पुलिया के पास से दो अभियुक्त 1. अमन सिंह पुत्र अरविन्द कुमार सिंह निवासी बैहारी थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 2. सौरभ सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी कैलवल थाना महराजगंज जनपद जौनपुर को एक–एक अदद तमंचा .315 बोर व एक–एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ दिनांक 29.01.2022 समय की शाम गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 11/22 व मु0अ0सं0 12/22 धारा 3/25 A- Act पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त– 1.अमन सिंह पुत्र अरविन्द कुमार सिंह निवासी बैहारी थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 2.सौरभ सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी कैलवल थाना महराजगंज जनपद जौनपुर बरामदगी– 1. 02 अदद तमंचा .315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर 2. मोटरसाइकिल वाहन सं. UP 62 AC 7344 स्प्लेण्डर NXG आपराधिक इतिहासः–अमन सिंह पुत्र अरविन्द कुमार सिंह 1. मु0अ0सं0 11/22 धारा 3/25 A- Act



थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 2. मु0अ0सं0 355/21धारा 307/399/402 भा0द0वि0 थाना बदलापुर जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास –सौरभ सिंह 1. मु0अ0सं0 12/22 धारा 3/25 A- Act थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 2. मु0अ0सं0 94/21 धारा 323/504 भा0द0वि0, 3(2)(va) ST/SC Act थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 3. मु0अ0सं0 81/20 धारा 147/149/323/504/506 भा0द0वि0 थाना महराजगंज जनपद जौनपुर गिरफ्तारी टीम – 1. उ0नि0 रमेश कुमार – थानाध्यक्ष थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 2. उ0नि0 श्री हरीश चन्द्र सिंह –चौकी प्रभारी ए.बी.एस. थाना महराजगंज जौनपुर 3. उ0नि0 देवेन्द्र सिंह यादव – चौकी प्रभारी राजाबाजार थाना महराजगंज जौनपुर 4. का0 ईश्वर कुमार – थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 5. का0 अजीत कुमार – थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 6. का0 रवि कुमार यादव – थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 7. का0 पवन कुमार – थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 8. म0का0 ललिता देवी – थाना महराजगंज जनपद जौनपुर।

# आजादी के पचहत्तरवें वर्ष अमृत महोत्सव के तहत पचहत्तर करोड़ बार सूर्य–नमस्कार का लक्ष्य पूरा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : योग गुरु बाबा रामदेव की प्रेरणा से आजादी के पचहत्तरवें वर्ष अमृत महोत्सव के तहत अखिल भारतीय स्तर पर किये जानें वाले पचहत्तर करोड़ बार सूर्य–नमस्कार को करनें का लक्ष्य हासिल करनें के उपरांत इस अभियान में लगे योग प्रशिक्षकों का स्वागत और अभिनन्दन किया गया। पतंजलि योग समिति के प्रान्तीय सह प्रभारी और सूर्य–नमस्कार के राज्य समन्वयक अचल हरीमूर्ति के नेतृत्व में पचहटियां स्थित हरीमूर्ति वाटिका में इस अभियान में लगे योग प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए बताया गया की लक्ष्य को हासिल करनें के उपरांत भी सूर्य–नमस्कार को हम सभी को जन जन तक निरन्तर पहुंचाते रहना है और जब भी कोई व्यक्ति इसे अपने जीवनशैली का हिस्सा बना लेगा तो उसके शरीर के हर तंत्र बहुत ही सुगमतापूर्वक कार्य करना शुरू कर देते हैं। श्री हरीमूर्ति के द्वारा बताया गया की आसनों का समूह सूर्य–नमस्कार तब और भी प्रभावी



हो जाता है जब इसके साथ नियमित और निरन्तर भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी और उद्गीथ प्राणायामों के साथ कम से कम दस मिनट तक मेडिटेशन को किया जाये। इस मौके पर भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी शशिभूषण,डा हेमंत, शंभूनाथ,ज्ञान प्रकाश, गुरुनाथ, नन्दलाल, प्रेमचंद, डा ध्रुवराज, इन्द्रभान, संतोष, विकास, आशुतोष, रविन्द्र,स्वदेश, श्रीप्रकाश, सतीश सहित अन्य साधक उपस्थित रहे।

# संस्कार भारती जौनपुर द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जनपद जौनपुर की कला एवं साहित्य के क्षेत्र की अग्रणी संस्था संस्कार भारती जौनपुर द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन संपन्न हुआ । जिसका शीर्षक ''कला के रंग –शहीदों के संग ''था । उक्त कार्यक्रम की प्रदर्शनी व पुरस्कार वितरण समारोह बीआरपी इंटर कॉलेज के हॉल में संपन्न हुआ ।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि गण डॉक्टर सुभाष सिंह ,श्री दिलीप सिंह ,श्री विकेश उपाध्याय, डॉक्टर ज्योति दास ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन करके किया ।संस्था का ध्येय गीत डॉक्टर ज्योति दास व ज्योति श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया ।कलासाधक श्री प्रदीप जिद्दी ,श्री अमरजीत ,श्री गुलाब राही द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई । चित्रकला प्रतियोगिता में होली चाइल्ड अकैडमी, सेंट जॉन्स ,सेंट पैट्रिक नेहरू बालोद्यान ,कमला नेहरू ,बीआरपी इंटर कॉलेज, सनशाइन स्कूल, सेंट जोसेफ स्कूल ,तिलकधारी मेमोरियल कॉलेज ,ओम कोचिंग सेंटर सहित लगभग 20 विद्यालयों के 210 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रत्येक विद्यालय के दोनों वर्गों में प्रथम तीन स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम के संयोजक रवि कांत जायसवाल ने सभी प्रतिभागियों को कला की बारीकियों से परिचित कराया ।बीआरपी प्रधानाचार्य डॉ सुभाष सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा बच्चे विद्यालय के पुष्प व शिक्षक माली के समान होते हैं। सुजीत कुमार महामंत्री काशी प्रांत ने अपने उद्बोधन में सभी से आग्रह किया कि स्वस्थ समाज के लिए हमें अपनी कला एवं






संस्कृति को संरक्षित, संवर्द्धित व पोषित करना होगा ।कार्यक्रम का सफल संचालन श्री ऋषि श्रीवास्तव व अमित गुप्त अंशु ने किया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री कमलेश जी विभाग संयोजक ,श्री प्रदीप सिंह ,श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव ,श्री सूर्यप्रकाश मिश्र ,श्री मार्कंडेय मिश्र उपस्थित रहे ।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से श्री राजेश किशोर ,श्री विष्णु जी ,श्री अवधेश जी ,श्री बालकृष्ण जी ,श्री अरुण केसरी जी ,श्री राज कमल जी ,श्री सुप्रतीक जी ,श्री आशीष जी व श्री रोहित रेमो ने अपना योगदान दिया ।कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के सामूहिक गान से हुआ आभार ज्ञापन संस्था अध्यक्ष डॉ ज्योति दास ने किया।

# डॉ अंजना श्रीवास्तव ने किया जनसंपर्क

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड( काशी क्षेत्र) की निदेशक व अर्शिया मंडल प्रभारी डॉ अंजना श्रीवास्तव ने विधानसभा 365 शाहगंज सिधाई शक्ति केंद्र पर दलित बस्ती में घर–घर जाकर जनसंपर्क किया तथा भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए गए कार्यों व योजनाओं से संबंधित सभी को जानकारी दिया साथ ही सभी मतदाताओं से अपील किया कि वह सभी अपने–अपने बूथों पर जाकर अपने मतदान अवश्य करें यदि किसी बूथ पर कोई अनियमितता पाई जाती है तो उनके मोबाइल नंबर पर सीधा संपर्क करें जिससे अराजक तत्वों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई किया जा सके इस दौरान विधानसभा प्रभारी अरुण राय मुन्ना सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आम आदमी पार्टी केंद्रीय कार्यालय जौनपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आम आदमी पार्टी केंद्रीय कार्यालय जौनपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के नेतृत्व में किया गया इसी क्रम में जिला अध्यक्ष सूर्यनारायण से मुन्ना ने कहा कि आम आदमी पार्टी जौनपुर के सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी



जौनपुर की जनता बदलाव चाहती है और मजबूत विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी को जौनपुर की जनता देख रही है जिला अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी कि सरकार अगर उत्तर प्रदेश में बनती है तो 300 यूनिट बिजली फ्री दिया जाएगा 24 घंटे बिजली उपलब्ध होगी पिछला बकाया माफ होगा और हर साल 1000000 युवाओं को रोजगार देगी आम आदमी पार्टी और 5000 बेरोजगारी भत्ता भी देगी आम आदमी पार्टी इसी क्रम में सदर विधानसभा प्रत्याशी के रूप में घोषित किए गए डॉक्टर विनोद कुमार सिंह वत्स जी सदर विधानसभा के प्रत्याशी ने कहा कि सदर विधानसभा की हालत पिछले कई दशक से उसी तरह बना हुआ है ना तो वहां सड़क है और ना तो अस्पताल की व्यवस्था अच्छी है ना शिक्षा की व्यवस्था अच्छी है जब से उत्तर प्रदेश में आदित्यनाथ योगी जी की सरकार आई है उत्तर प्रदेश को अपराध प्रदेश बना कर रख दिया है उत्तर प्रदेश में बलात्कार का ग्राफ बढ़ गया है लूट और डकैती का ग्राफ बढ़ गया है आम आदमी पार्टी ने अपने 3 विधानसभा में प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है सदर विधानसभा से विनोद कुमार सिंह वत्स जी इंद्र पति पीजी कॉलेज गढ़वा में गैरवाह में प्राचार्य है आज इस प्रेस कान्फ्रेंस में मौजूद साथी मीडिया प्रभारी विद्याधर मिश्रा जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य जिला संगठन संयोजक रिजवान अहमद पंचायत प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनीष सिंह जिला सोशल मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह आदि लोग शामिल रहे।

# मेधावियों का सम्मान एक सराहनीय प्रयास – राजेश सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : देश की प्रतिष्ठित एवम सबसे बड़ी एन बी एफ सी कंपनी श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी द्वारा आयोजित श्री राम संकल्प सेवा फाउंडेशन के निमित्त मेधावी छात्र छात्राओं को प्रतिभा




सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया इस अवसर पर 8 से लेकर 10वीं तक के कक्षा के बच्चों को 3000 एवं 11वीं 12वीं कक्षा के बच्चों को 3500 का छात्रवृत्ति एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह टोनी, जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह जिला संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल स्थित रहे मुख्य वक्ता के रूप में जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने बच्चों को उच्च जीवन मूल्यों को संदर्भ रखते हुए कड़ी मेहनत करने की सीख दी, और उन्होंने मेधावियों को सम्मानित करने के लिए श्रीराम संकल्प सेवा फाउंडेशन को धन्यवाद भी दिया जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह ने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं को लक्ष्य बनाकर अपने अकादमिक शिक्षा को जारी रखने की सलाह दी साथ मे जिला संगठन मंत्री सन्तोष सिंह बघेल ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए सबसे पहले अपने लक्ष्य का निर्धारित होना सबसे जरूरी है कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के आयोजक श्री राम फाइनेंस ट्रांसपोर्ट के ब्रांच मैनेजर विश्वास सिंह जी ने कहा कि हमारी कम्पनी साधनहीन प्रतिभाशाली बच्चो को पिछले 3 वर्षों से छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है,कंपनी के इस प्रयास का उद्देश्य है कि प्रतिभाशाली होनहार बच्चो के पढ़ाई में कोई रुकवाट न आने पाए जिससे ये बच्चे अपने सपनो को साकार कर सके,कार्यक्रम के अंत मे ब्रांच मैनेजर विश्वास सिंह कलेक्शन मैनेजर विवेक सिंह,राजन तिवारी,दीपक सिंह,आशीष श्रीवास्तव,और ब्रांच के सभी कर्मचारियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# लोगों के दिलों में आज भी राज करते हैं बापू: प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि महात्मा गांधी आज भी देश के लोगों के दिलों में राज करते हैं। देश के स्वतंत्रता में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। बापू ने देश की आजादी में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनसे शांति से संघर्ष की सीख मिलती है। प्रो. मौर्य महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि बापू का मानना था कि शस्त्र इंसान को तो मार सकता है, लेकिन इंसान के विचारों और अच्छे कार्यों को कभी नहीं मार सकता है। बापू की पुण्यतिथि इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है। आजादी में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। गांधी जी ने सदैव विराट व विविध राष्ट्र को एक समूह में पिरोने का कार्य किया था। अपना पूरा जीवन देश हित और गरीबों की मदद में गुजार दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कड़ाके की ठंड के मद्देनजर विश्वविद्यालय के सुरक्षा सैनिकों को कुलपति आवास में बुलाकर व्यक्तिगत रूप से कंबल वितरित किया। कुलपति जी पिछले वर्ष भी 41 सुरक्षा सैनिकों को अपनी तरफ से कंबल भेंट की थी। कुलपति जी अपने निजी खर्च से समाज सेवा का कार्य करतीं रहतीं हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई नेक कार्य नहीं होता।

# कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए जनपदवासियों ने लिया संकल्प

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कुष्ठ कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कुष्ठ निवारण तिथि के रूप में मनाया गया। इस दौरान कुष्ठ प्रभावित लोगों को माइक्रो सेल्युलर रबर (एमसीआर) चप्पलें बांटीं गईं, उन्हें अपने घाव की साफ–सफाई के लिए सेल्फ केयर किट दी गई। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने कम्बल बांटा। सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा का संदेश पढ़कर सुनाया। उनके साथ लोगों ने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने का संकल्प लिया। बताया गया कि कुष्ठ रोग की पहचान बहुत आसान है और साध्य है। कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने का प्रयास करना चाहिए। लोगों ने कुष्ठ प्रभावित लोगों से कोई भेदभाव नहीं करने का भी संकल्प लिया। साथ ही किसी दूसरे व्यक्ति को भी भेदभाव नहीं करने देने, प्रभावित लोगों से जुड़े कलंक और भेदभाव समाप्त करने, उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए पूर्ण योगदान देने की बात कही। नोडल अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि अभियान के तहत जनपद में 14 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलेगा। इसके तहत जनपद के लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी जाएगी और कुष्ठ रोग व उससे ग्रसित मरीजों के बारे में भ्रांतियों को दूर किया जाएगा। कुष्ठ रोग के सामाजिक कलंक को मिटाने का भी प्रयास किया जाएगा। जनपद में 2021 से ही एक्टिंग केस डिटेक्शन एंड रूटीन सर्विलांस अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के लिए 829 टीमें बनाई गईं हैं। प्रत्येक टीम में एक आशा कार्यकर्ता तथा उसके साथ एक पुरुष सहयोगी हैं और इस तरह से 1658 लोग



काम कर रहे हैं। यह टीमें घर–घर भ्रमण करती हैं। इस दौरान पुरुष सहयोगी पुरुषों में तथा आशा कार्यकर्ता महिलाओं में देखते हैं कि किसी के चमड़े में दाग के साथ शून्यता तो नहीं है, जिसमें ऐसा दिखता है उसे नजदीकी प्राथमिक (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर भेजते हैं। संदिग्धों को मल्टी ड्रग ट्रीटमेंट (एमडीटी) दवा दी जाती है। अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग की शुरुआत में ही पहचान कर मरीज को दवा खिलाने की शुरुआत कर देना है जिससे कि मरीज को विकलांगता से बचाया जा सके। उन्होने बताया कि इस समय नए सिरे से टीम बनाने का प्रयास हो रहा है जिसमें लगभग 450 टीमें बनेंगीं और 900 के लगभग लोग मरीजों को खोजने के अभियान में लगेंगे। अप्रैल 2021 से अब तक 83 कुष्ठ रोगियों का उपचार चल रहा है जबकि इस दौरान 83 कुष्ठ रोगी उपचार कर ठीक भी किए जा चुके हैं। लक्षण और बचावः डॉ प्रभात ने बताया कि कुष्ठ रोग की प्रारम्भिक स्थिति में मरीजों में दाग के साथ ही दागवाले स्थान पर शून्यता जैसी स्थिति महसूस होती है। खुजली या दर्द नहीं होता है, त्वचा का रंग हल्का तैलीय हो जाता है। ऐसे लक्षणयुक्त व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच कराकर तुरंत मल्टी ड्रग ट्रीटमेंट (एमडीटी) दवा शुरू करा देनी चाहिए। कार्यक्रम में कुष्ठ प्रभावित लोगों के जलपान की व्यवस्था की गई। इस मौके पर नान मेडिकल सुपरवाइजर (एनएमएस) अखिलेश चंद यादव, चंद्रशेखर यादव, अखिलेश गुप्ता, कुष्ठ विभाग के वाहन चालक अलीम, अवकाशप्राप्त कर्मचारी फूलचंद के साथ ही विभाग के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# थाना सिकरारा पुलिस ने बड़ी घटना कारित करने की योजना बनाते हुए पाँच शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर,श्री अजय साहनी के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के नियन्त्रण से सम्बन्धित अभियान तथा श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के कुशल पर्यवेक्षण में उ0नि0 संतोष कुमार राय थानाध्यक्ष सिकरारा कि टीम द्वारा दिनांक 30. 01.2022 को समय करीब 20.30 बजे बहद ग्राम ताहिरपुर से 05 असलहा एवं 08 जिन्दा कारतूस व एक मिस फायर के साथ 05 शातिर अभियुक्तों को घटना कारित करने की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त राम सुरत उर्फ डाक्टर ने पूछताछ में बताया कि वह एक महिला से प्रेम करता था उक्त प्रेम सम्बन्ध में मेरी पत्नी और मेरी प्रेमिका के पति बाधा बन रहे थे। प्रेम सम्बन्ध निर्बाध रूप से जारी रहे, इसके लिए स्वंय की पत्नी तथा प्रेमिका के पति को रास्ते से हटाना जरूरी था। इन लोगो को रास्ते से हटाने के उद्देश्य से वह अपने मकान मालिक अभिषेक सिंह उर्फ ओ0पी0 सिंह व उसके साथीगण आशुतोष कुमार ,रवि गौतम को अपने उद्देश्य से अवगत कराते हुए एक पिस्टल व 5 कारतूस खरीदा । अभिषेक सिंह आदि ये लोग पिस्टल कट्टा कारतूस का क्रय विक्रय करते रहते है। वह तथा उसका मकान मालिक अभिषेक सिंह एवं इनके साथीगण आशुतोष कुमार , रवि गौतम , धीरज सिंह सभी लोग मेरे प्रेम सम्बन्धो में बाधा बन रहे उक्त दोनो लोगों को रास्ते से हटाने के उद्देश्य से किस प्रकार से घटना को अंजाम दिया जाए कि किसी को पता न चल सके। ऐसी योजना तैयार करने हेतु ये सभी लोग चर्चा कर रहे थे कि इसकी भनक पुलिस को लग गयी और ये सभी शातिर अभियुक्तगण असलहे व कारतूस के साथ पकड़ लिए गये। उक्त घटना घटित होने से पूर्व में ही पुलिस की सक्रियता की वजह से विफल हो गयी। उक्त सभी अभियुक्तों को नियमानुसार पुलिस हिरासत में लेते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रेतर कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1. आशुतोष हरिजन पुत्र राजाराम बी0डी0सी0 निवासी सिकरारा हरिजन बस्ती थाना सिकरारा जौनपुर। 2. रवि गौतम उर्फ शनी पुत्र रामजीत मिस्त्री निवासी सिकरारा हरिजन बस्ती थाना सिकरारा जौनपुर।3. अभिषेक सिंह उर्फ ओ0पी0 सिंह पुत्र रवि सिंह नि0 ग्राम भरथपुर थाना




सिकरारा जनपद जौनपुर। 4. धीरज सिंह पुत्र राजेश प्रताप सिंह नि0 ग्राम जंघई थाना सराय ममरेज जनपद इलाहाबाद। 5. राम सूरत राम उर्फ डाक्टर पुत्र रामपलट गौतम निवासी ग्राम रामसहायपट्टी थाना सिकरारा जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0– 026/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिकरारा ,जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–027/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिकरारा जौनपुर। 3. मु0अ0सं0– 028/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिकरारा जौनपुर। 4. मु0अ0सं0–029/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिकरारा जौनपुर। 5. मु0अ0सं0– 030/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिकरारा जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. 04 तमंचा 0.315 बोर व 03 जिन्दा कारतूस 0.315 बोर व एक मिस फायर 2. एक पिस्टल 0.32 बोर व 05 जिन्दा कारतूस 0.32 बोर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम का विवरण – 1.उ0नि0 संतोष कुमार राय,थानाध्यक्ष थाना सिकरारा जौनपुर ।2. उ0नि0 विजयशंकर यादव ,हे0का0 जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ,हे0का0 संजय यादव,हे0का0 विनोद यादव,हे0का0 अमित कुमार सिंह,का0 अजीत कुमार दूबे,का0 अजय राव,का0 अंकित सिंह,का0 रोहित कुमार थाना सिकरारा जौनपुर।

# विशेष सचिव द्वारा 01 फरवरी को कोविड संबंधी वैक्सीनेशन एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : माननीय विशेष सचिव, पशुधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन देवेंद्र कुमार पांडेय द्वारा 01 फरवरी 2022 को पूर्वान्ह् 9.30 बजे जिला अस्पताल जौनपुर का निरीक्षण एवं कोविड संबंधी वैक्सीनेशन एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। अपरान्ह् 3. 30 बजे खेतासराय/शाहगंज में गौ संरक्षण केंद्र/धान क्रय केंद्र का निरीक्षण, पशुधन विभाग के विभागीय अधिकारियों के साथ लोक निर्माण विभाग जौनपुर में विचार–विमर्श एवं रात्रि विश्राम निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग जौनपुर में करेंगे। 02 फरवरी को 9.30 बजे लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन जौनपुर से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# राष्ट्रीय युवा वाहिनी के हरीश कुमार बने प्रदेश प्रभारी हरियाणा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार मे। हरीश कुमार जी को प्रभारी हरियाणा की जिम्मेदारी सौंपी जाती है हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप तन मन पूरे विश्व में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे आपके मनोनयन पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी हिंदू देव प्रकाश शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश मिश्रा जी राष्ट्रीय शासन प्रभारी श्यामानंद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुलकित आनंद राष्ट्रीय प्रभारी अजय गोस्वामी हिंदू पंडित हृदेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सलाहकार बलराम सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष लीगल सेल एच एन मिश्रा राष्ट्रीय सचिव राजन मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक राष्ट्रीय राष्ट्रीय सचिव संस्कृति प्रकोष्ठ मनोज पाठक हिन्दू अनुराग तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिन्दू प्रशांत नीलकंठ अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रोशनी शुक्ला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपिका मिश्रा उत्तर प्रदेश प्रभारी दीपिका वर्मा सभी पदाधिकारियों ने



हर्ष व्यक्त किया सभी लोगों ने आशा व्यक्त की आप संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# गोशाईगंज विधानसभा से सपा प्रत्याशी अभय सिंह ने जिला व जेल प्रशासन पर चुनाव प्रभावित कराने का लगाया आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आने के साथ–साथ ही राजनैतिक गतिविधियां भी तेज हो गई है। राजनैतिक दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं मे दल बदल के साथ जोड़ तोड़ करने के कार्य ने भी रफ्तार पकड़ ली है।इसी कड़ी मे गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी पूर्व विधायक अभय सिंह ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया और जेल प्रशासन पर भी आरोप लगाया है।पत्रकारो से मुखातिब होते हुये उन्होने कहा कि इस समय जेल में मुलाकात के रोक लगने के बाद भी भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी के पति खब्बू तिवारी से सैकड़ों लोग रोज मुलाकात करते है।पूर अभय सिंह ने दावा करते हुए कहा कि अगर मीडिया चाहे तो उन्हें वीडियो व स्टील फोटो भी उपलब्ध करा सकते हैं। जिसकी शिकायत लगातार चुनाव आयोग से की जा चुकी है।इस मौके पर उन्होने कहा कि इस समय जिला प्रशासन व जेल प्रशासन की मिलीभगत से रोज हो जेल में रोज मुलाकात हो रही है।जेल प्रशासन चुनाव को प्रभावित कर रहा है अगर इसपर रोक नहीं लगाई गयी तो निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं हो पायेगा।वही कहा समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें और मौजूदा डबल इंजन की सरकार द्वारा किसानों व गरीबों



के खिलाफ जो षडयंत्र रचने का काम किए जा रहे हैं उसको बेनकाब करने का भी काम करें। सरकार ने पेट्रोल, डीजल, गैस, सरसो तेल अन्य सामग्रियों में बेतहाशा वृद्धि कर आम जनमानस की कमर तोड़ दी है।उन्होने पत्रकारो को बताया कि इस समय भ्रष्टाचार, वसूली, गुंडागर्दी, हत्या, बेरोजगारी, महगांई चरम सीमा पर पहुंच गई है। इसको कम करने में सरकार नाकाम हो चुकी है।अब एक ही रास्ता बचा है कि आने वाले 2022 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएं और प्रदेश की जनता को परेशानी से निजात दिलाए।दरसअल आज अन्य दलों से आए लगभग 2 दर्जन से ज्यादा लोगो को सपन के स गोसाईगंज प्रत्याशी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी का झंडा पकड़ा कर पार्टी में शामिल करवाया।

# रुदौली पुलिस ने अवैध फैक्ट्री से हिस्ट्रीशटर सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर हासिल की बड़ी सफलता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आगामी विधानसभा चुनाव व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा जिले में अपराधा व अपराधियों पर नियंत्रण पाने के लिये एक अभियान चलाया जा रहा है।इसी अभियान के तहत जिले के रुदौली पुलिस को उस समय बडीघ सफलता हाथ लगी जब इस क्षेत्र में सक्रिय अवैध रुप से संचालित मिनी असलहा बनाने की फैक्ट्री से एक हिस्ट्रीशीटर सहित दो अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से आधा दर्जन से अधिक अवैध तमंचा,दो जिंदा कारतूस,तीन अर्धनिर्मित अवैध तमंचा व भारी संख्या में अवैध रुप से असलहा बनाने वाली उपकरण को बरामद करने का दावा पुलिस ने किया।इसका खुलासा एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने एक पत्रकार वार्ता में किया।उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए व शैलेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद–अयोध्या द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत उनके निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी रूदौली सुरेन्द्र प्रताप तिवारी के कुशल पर्यवेक्षण में शशिकान्त यादव प्रभारी निरीक्षक रूदौली के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उ0नि0विवेक कुमार राय व उ0नि0 प्रमोद यादव ने पुलिस बल के खैरी बन्धा के किनारे नदी के पास से दो अभियुक्तों को अवैध शस्त्र बनाते हुए ग्यारह अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस व तीन अर्धनिर्मित निर्मित तमंचा व शस्त्र बनाने के अन्य उपकरण के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी।इस मौके




पर उन्होने बताया कि गिरफ्तार किये गये दोनो अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है।जिसमे एक हिस्ट्रीशीटर है।एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि जिसमें से अभियुक्त मो0 रईस पुत्र चन्दुल निवासी ग्राम इमली पटवन थाना कोतवाली रूदौली जनपद अयोध्या थाना हाजा का भी है। जिसके विरूध्द पूर्व में गैंगेस्टर एक्ट की भी कार्यवाही की जा चुकी है।इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक शशिकान्त यादव थाना कोतवाली रूदौली अयोध्या,उ0नि0 विवेक कुमार राय चौकी प्रभारी शुजागंज थाना कोतवाली रूदौली अयोध्या,उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव चौकी प्रभारी किला थाना कोतवाली रूदौली अयोध्या,उ0नि0 अविनाश चन्द्र चौकी प्रभारी नयागंज थाना कोतवाली रूदौली अयोध्या,उ0नि0 मानबहादुर सिंह थाना कोतवाली रूदौली अयोध्या,कांस्टेबल अनुज यादव थाना कोतवाली रूदौली अयोध्या,कांस्टेबल धर्मेन्द्र यादव थाना कोतवाली रूदौली अयोध्या के अलावा कांस्टेबल रवि कुमार थाना कोतवाली रूदौली अयोध्या की सराहनीय भूमिका रही।

# अयोध्या जिले में गोसाईगंज विधानसभा के ग्रामीणों का ऐलान : गेट नहीं तो वोट नहीं

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के गांव मरूई सहाय सिंह में रेलवे क्रॉसिंग में फाटक लगने को लेकर करीब एक अरसे से जनता की मांग को नजरअंदाज करने के बाद विधानसभा चुनाव आते ही लोगों का गुस्सा एक बार फिर फूट गया है।इन लोगों का मानना है कि इस गंभीर समस्या पर किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान नही जा रहा है।इस बात को लेकर ग्रामीणों ने गेट नहीं



तो वोट नहीं स्लोगन के साथ प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया।वहाँ के लोगों का मानना है कि करीब 20 साल पुरानी जनता की यह समस्या ना तो किसी सरकार के लिए कोई मायने रखती दिखाई दी और ना ही चुने गए जनप्रतिनिधियों ने इस दिशा में कोई काम किया।जिसका नतीजा यह रहा कि चुनाव आते गए जनता मांग रखती गई और उसे आश्वासन का झुनझुना मिलता रहा।एक बार फिर विधासभा चुनाव के समय हिलोरे मारने लगी है तो मरूई सहाय सिंह रेलवे क्रॉसिंग का मुद्दा खुद ब खुद उठ खड़ा हुआ है।इसी कड़ी में सैकड़ों ग्रामीणों ने गेट नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद करते हुए चुनाव लड़ने वाले नेताओं को आईना दिखाने का काम किया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नेता नगरी केवल झूठे वादे करके चले जाते हैं जबकि क्षेत्रवासी मौत के कुएं रूपी इस क्रॉसिंग को पार करने के लिए बेबस हैं।

# कुमारगंज क्षेत्र के भग्गू जलालपुर गांव में भारी संख्या में मृत पाए गए राष्ट्रीय पक्षी मोर : मचा हड़कंप

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)जिले के कुमारगंज वन रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत भग्गू जलालपुर एक बाग में भारी मात्रा में राष्ट्रीय पक्षी मोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत को लेकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया।ग्रामीणों में भारी मात्रा में काल के गाल में समाये राष्ट्रीय पक्षी मोर की सूचना वन विभाग कुमारगंज के जिम्मेदार अधिकारियों को दी।इसकी सूचना मिलने के बाद जब तक बीट प्रभारी वनरक्षक सुनील दुबे वन कर्मियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचते तब तक ग्रामीणो के मुताबिक जंगली जानवरों ने पाँच मृत मोरों को अपना निशाना बना लिया था।हालांकि मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने मृत मोरों के शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम कराने के उपरांत मृत मोरों के शव को कुमारगंज वन चेतना केंद्र परिसर में राजकीय सम्मान के साथ दफना दिया है।मिली जानकारी के मुताबिक कुमारगंज वन रेंज अंतर्गत भग्गू जलालपुर गांव निवासी राजनाथ मिश्रा एवं दिनेश कनौजिया के बाग में शौच के लिए निकले ग्रामीणों में शनिवार की सुबह नव मृत मोरों को देखा। देखते ही देखते भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामवासी आलोक सिंह टिंकू सहित ग्रामीणों ने संदिग्ध अवस्था में भारी मात्रा में मृत पाए गए।राष्ट्रीय पक्षी मोर के मौत की जानकारी कुमारगंज वन रेंज के जिम्मेदार अधिकारियों को दी।इसकी सूचना मिलने के बाद जब तक बीट प्रभारी हैरिंग्टनगंज उत्तरी सुनील द्विवेदी मौके



पर पहुंचते तब तक जंगली जानवरों ने 5 राष्ट्रीय पक्षी मोरों को अपना निवाला बना लिया था। मौके पर पहुंचे बीट प्रभारी फॉरेस्ट गार्ड सुनील दुबे ने मौके से मिले चार मृत मोरों को कब्जे में ले लिया और उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम कराने के बाद राष्ट्रीय पक्षी मोरों के शव को कुमारगंज वन रेंज कार्यालय के बगल स्थित वन चेतना केंद्र परिसर में राजकीय सम्मान के साथ दफना दिया गया। हालांकि अभी भारी संख्या में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए राष्ट्रीय पक्षी मोरों के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिल सकी है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही भारी संख्या में मृत मोरों के मौत का कारण स्पष्ट हो सका है।

# टिकट मिलने के बाद भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी का गोसाईगंज के व्यापारियों ने किया स्वागत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के गौशाईगंज विधानसभा के निवर्तमान विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी की पत्नी आरती तिवारी का भाजपा से टिकट फाइनल होने पर उन्हौंने गोसाईगंज नगर में स्थित एक मंदिर पर दर्शन किया। इसके बाद भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल के आवास पर आरती तिवारी का मिठाईयां खिलाकर व पटाखे जलाकर व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया स्वागत से अभिभूत हो आरती तिवारी ने जो बाते कही।इस मौके पर विधायक के ना मौजूदगी पर लोगों की आंखें नम हो गई।इस मौके पर व्यापारी प्रदीप जायसवाल ने आरती तिवारी को आश्वासन देते हुए कहा कि गोसाईगंज का एक–एक कार्यकर्ता खब्बू तिवारी है।उन्होने कहा कि हम सभी विश्वास दिलाना चाहते हैं कि भाजपा से विजयी होने के बाद भी खब्बू तिवारी को गलत ढंग से जेल में बंद कराने वालों को 27 फरवरी को गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता करारा जवाब देगी।वही इस मौके पर आरती तिवारी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता को फर्क साफ दिख रहा है। 2012 के बाद प्रदेश में जो गुंडाराज, माफिया राज था वह 2017 के बाद खत्म हो गया।सपा के 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने के वादे पर आरती ने कहा कि जब प्रदेश में बिजली ही नहीं आएगी तो फ्री में क्या देंगे। 2012 के पहले प्रदेश में बिजली का क्या हाल था, यह सभी लोगों को पता है। यदि उनकी मंशा लोगों के हित में होती तो बिजली की दशा सुधारने के लिए प्रयास करते, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।गोसाईगंज की जनता बिजली के लिए धरना प्रदर्शन करती थी लेकिन उत्तर प्रदेश में भाजपा शासन के बाद किसी को पता ही नहीं चलता बिजली



कब गई 19 घंटे बिजली मिल रही है।आरती तिवारी ने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि 2012 में सपा की सरकार बनते ही प्रदेश में सबसे पहले अयोध्या में राम जन्म भूमि पर हुए हमले के आरोपियों के मुकदमे वापस लिए गए थे। जबकि भाजपा की सरकार बनने पर सबसे पहले बूचड़ खाने बंद कराने, बहन–बेटियों की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्कवायड को प्रभावी तरीके से लागू करने और किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये कर्जमाफ करने का फैसला लिया था। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में जब भी कोई नेता मंत्री बनता था, तो पहले वह अपना बंगला बनाता था। इसके बाद उनकी नजर में परिवार का मतलब केवल अपना परिवार होता था, जबकि भाजपा सरकार के मंत्रियों ने दिखाया कि परिवार का मतलब प्रदेश की 25 करोड़ जनता है। अब गरीबों के लिए 43 लाख मकान दिए गए हैं, जिससे साफ है कि प्रदेश की सरकार गरीबों व किसानों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। श्री तिवारी ने आगे कहा कि प्रदेश में हुए दंगा, उपद्रव की स्थिति को लेकर कहा कि पहले प्रदेश में प्रत्येक तीन दिन में दंगा, उपद्रव होता था। गैंगस्टर थाना चलाते थे और गरीब लोगों की जमीनों पर कब्जे किए जाते थे। उपद्रव करते हुए सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाते थे। भाजपा सरकार बनने के बाद न केवल दंगा, फसाद खत्म हुए बल्कि उपद्रव कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले आरोपी माफी मांग रहे हैं।दंगाईयों को डर है कि दंगा करने के बाद ऐसा न हो कि चौराहे पर पोस्टर लगाए जाए और संपत्ति नीलाम हो रही थी।


# हमारी संस्कृत में समाहित है वसुधैव कुटुंबकम का सिद्धांत – डा0 मुरलीधर सिंह

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जीव दया के लिए सम्पूर्ण भारत में काम करने वाली संस्था समस्त महाजन के द्वारा अयोध्या स्थित श्वेताम्बर जैन मंदिर में तीन दिवसीय वृहद कम्बल वितरण समारोह का उद्घाटन किया गया।इस संस्था के मैनेजिंग ट्रस्टी गिरीश भाई शाह के निर्देश पर गुजरात,मुम्बई व दिल्ली से ट्रस्टियों की कार्यक्रम में उपस्थिति रही। तीन दिवसीय इस आयोजन में दो हजार कम्बल का वितरण किया जायेगा।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप निदेशक सूचना अयोध्या मण्डल डा मुरलीधर सिंह ने कहा कि सेवा के माध्यम से समाज को उन्नत बनाने की जिम्मेदारी समर्थवान व्यक्तियों की है।हमारी संस्कृति में वसुधैव कुटुम्बकम् का सिद्धान्त समाहित है। इस सिद्धान्त को अपनाकर हम राष्ट्र व समाज की उन्नति कर सकते है। व्यक्ति का विकास समाज के विकास में परिलक्षित होता है। इसलिए समाजसेवा को मानव जाति का सर्वश्रेष्ठ धर्म माना गया है। हमारी भीतर सेवा का भाव उत्पन्न होने से ही समाजिक असमानता दूर हो सकती है। जो स्वस्थ्य समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है। समाज से दुखः शोक और उत्पीड़न को दूर कर स्वस्थ्य समाज के निर्माण के लिए जो कुछ भी किया जा सकता है। वह समाजसेवा के दायरे में आती है। समस्त महाजन के ट्रस्टी देवेन्द्र जैन ने बताया कि समस्त महाजन पूरे भारत में जीव दया के सिद्धान्त को आत्मसात करते हुए कार्य रही है। गोशालाओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए संस्था द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना वैश्विक स्तर पर होती है। गरीबों की जरुरमंदों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु संस्था सदा तत्पर रहती है। समस्त महाजन के द्वारा अयोध्या में सेवा कार्य लगातार जारी रहेगा। इसके लिए संस्था के स्थानीय प्रतिनिधि भी लगातार सक्रिय है।हमे अपने सुख की चिंता न करते हुए दूसरों को सुखी करने का उपाय भी करना चाहिए। इससे हमें परम आनंद की प्राप्ति होगी। इस अवसर पर ट्रस्टी गिरीश भाई सत्रा,अमित सिंह, पवन मिश्रा, प्रवीण दूबे, राजकुमार सोनकर, अमित मिश्रा, चन्द्रमोहन श्रीवास्तव, विनय त्रिपाठी, अखिलेश मिश्रा, सत्यम मिश्रा, लकी मिश्रा, दिग्विजय नाथ पाण्डेय, अरुण तिवारी, राजू सोनी, राघवेन्द्र द्विवेदी, वरुण तिवारी मौजूद रहे।

# अयोध्या विधानसभा सीट पर रोचक मुकाबला : पवन पांडे वेद प्रकाश गुप्ता और रीता मौर्य मैदान में

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) वर्तमान समय में अयोध्या सांसद लल्लू सिंह वर्ष 1991, 1993, 1996, 2002 और 2007 में अयोध्या से विधायक रहे।वही 2012 में सपा के पवन पांडे के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा था।राजनीतिज्ञो के मुताबिक 13 से 15 प्रतिशत के बीच ब्राह्मण और यादव मतदाता हैं जबकि 18 से 20 फीसदी मुसलमान हैं।सूत्रो के मुताबिक राम मंदिर आंदोलन का केंद्र रहे अयोध्या विधानसभा सीट पर रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।समाजवादी पार्टी (सपा) ने पूर्व मंत्री पवन पांडे को, भाजपा ने मौजूदा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को और कांग्रेस ने रीता मौर्य पर अपना दांव लगाया है।अयोध्या में राज्य विधानसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत आगामी 27 फरवरी को मतदान होगा।अयोध्या विधानसभा क्षेत्र से पार्टी ने एक बार फ्रि वेदप्रकाश गुप्ता पर भरोसा जताया है जो 2017 में भाजपा के टिकट पर इस क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे।वही एक दिन पहले कांग्रेस ने रीता मौर्य को टिकट दिया है।लखनऊ विश्वविद्यालय से राजनीति का ककहरा सीखने वाले पांडे ने 2012 के विधानसभा चुनाव में अयोध्या से जीत हासिल की थी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें अपने मंत्रिमंडल में जगह भी दी थी,लेकिन 2017 के चुनाव में वह यह सीट भाजपा के हाथों गंवा बैठे थे।सपा ने अयोध्या से अपना उम्मीदवार उतार दिया है।वही भाजपा के लल्लू सिंह वर्ष 1991, 1993, 1996, 2002 और 2007 में अयोध्या से विधायक रहे। हालांकि





वर्ष 2012 में उन्हें सपा के पवन पांडे के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा था।अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में 13 से 15 प्रतिशत के बीच ब्राह्मण और यादव मतदाता हैं जबकि 18 से 20 फीसदी मुसलमान हैं।लोग इस विधानसभा में सपा और भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला देख रहे हैं। कुछ समय पहले तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या से चुनाव लड़ने की अटकलें जोरों पर थीं लेकिन भाजपा नेतृत्व ने उन्हें गोरखपुर सदर सीट से उम्मीदवार बनाकर सारी अटकलों का पटाक्षेप कर दिया।

# भाजपा की सहयोगी निषाद पार्टी ने अतरौलिया से प्रशांत सिंह को बनाया प्रत्याशी : सपा का मजबूत गढ़ है ये सीट

आजमगढ़ ब्यूरो : भाजपा और निषाद पार्टी के गठबंधन में आजमगढ़ की अतरौलिया विधानसभा सीट निषाद पार्टी के खाते में गई है। इस सीट पर निषाद पार्टी ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी। निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने इंजीनियर प्रशांत कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया है। प्रशांत सिंह का सीधा मुकाबला सपा नेता डा. संग्राम यादव से माना जा रहा है। आजमगढ़ की अतरौलिया विधानसभा की गिनती वीआईपी सीटों में होती है। कभी इस सीट से सपा के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री बलराम यादव चुनाव लड़ते थे। वर्तमान में इस सीट से उनके पुत्र डा. संग्राम यादव विधायक हैं। इस बार भी सपा ने उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर काफी दिनों से बलराम यादव का बर्चस्व देखने को मिलता है। वर्ष 2012 में उन्होंने इस सीट को अपने पुत्र डा. संग्राम सिंह यादव के लिए छोड़ दिया। संग्राम यादव यहां से पहली बार चुनाव लड़े और विजयी हुए। वर्ष 2017 के चुनाव में संग्राम यादव ने भाजपा के कन्हैया निषाद और बसपा प्रत्याशी अंखड प्रताप सिंह को करार शिकस्त दी। इस चुनाव में संग्राम यादव 74276 मत पाकर विजयी हुए। जबकि भाजपा के कन्हैया निषाद 71809 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कइयों के अरमानों पर फिरा पानी इस बार भाजपा ने इस सीट को अपनी सहयोगी एमएलसी संजय निषाद की पार्टी निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी की झोली में दे दिया है। जिससे इस सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव सपना संजोए तैयारी में जुटे कई नेताओं के अरमानों पर पानी फिर गया है। कोई निर्दल ताल ठोंकने को, तो कोई नया ठौर तलाशने में जुटा आजमगढ़ की 10 विधान सभा सीटों में से कुछ पर सपा, भाजपा और कांग्रेस ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। प्रत्याशियों की घोषणा होते ही जिले में विरोध का सिलसिला शुरू हो गया है। टिकट न मिलने से नाराज कई दिग्गज निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने की तैयारी में हैं, तो कई नाराज लोग दूसरे ठौर की तलाश में जुट गए हैं। जिले की 10 विधानसभा सीटों में से सपा ने सात पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। जिसमें पार्टी ने गोपालपुर से वर्तमान विधायक नफीस अहमद, अतरौलिया से विधायक डा. संग्राम यादव, निजामाबाद से विधायक आलमदी आजमी के साथ फूलपुर से पूर्व सांसद रमाकांत यादव, लालगंज से पूर्व विधायक बेचई सरोज और आजमगढ़ से विधायक दुर्गा प्रसाद यादव को प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं भाजपा ने छह सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। इसमें निजामाबाद से मनोज यादव, गोपालपुर से सत्येंद्र राय, आजमगढ़ से अखिलेश मिश्रा गुड्डू, मेंहनगर से मंजू सरोज, दीदारगंज से डा. कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा और लालगंज से नीलम सोनकर को प्रत्याशी घोषित किया। वहीं कांग्रेस पार्टी ने आजमगढ़ से जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, निजामाबाद से अनिल यादव, सगड़ी राना खातून और मेंहनगर से निर्मला भारती को उम्मीदवारी दी है। प्रत्याशियों की घोषणा होते ही लगभग सभी पार्टियों में बगावत शुरू हो गई है। इस दौरान कई दावेदारों ने निर्दल प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने का मन बनाया है। उनके समर्थक सोशल मीडिया पर इस बात का जोर शोर से प्रचार प्रसार भी करने लगें है। सोशल मीडिया पर निजामाबाद से टिकट के दावेदारों में शामिल रहे सपा के इसरार अहमद निर्दल प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने का ऐलान किए है। वहीं गोपालपुर से शमा वसीम भी मैदान में उतरने की तैयारी कर रही। वहीं अगर भाजपा की बात करें तो सोशल मीडिया पर गोपालपुर विधानसभा सीट से दावेदारी करने वाले राधेश्याम सिंह गुड्डू के भी निर्दल प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने की खबरें उड़ रही। लेकिन अभी तक उनकी तरफ से कुछ भी नहीं कहा गया है। दूसरी तरफ कई दावेदार ऐसे हैं जो दूसरी पार्टियों में अपना ठौर तलाशने में जुट गए हैं। सबसे ज्यादा बगावत सपा की फूलपुर सीट पर देखने को मिल रहा। यहां फूलपुर विधानसभा के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिलाध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप चुके है। अभी पार्टियों में और भगदड़ देखने को मिल सकती है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र के मवई अलियाबाद मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई।इस घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने गंम्भीर रूप से घायल को सीएचसी मवई पहुँचाया।घायल को देखते ही डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक पटरंगा थाना क्षेत्र के मवई अलियाबाद मार्ग पर शनिवार को लगभग एक बजे पटरंगा की ओर जा रहे बाइक सवार को ग्राम मियां का पुरवा(पूरे कामगार)गांव के पास अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया।ग्रामीणों ने घटना की सूचना थानाध्यक्ष पटरंगा विवेक कुमार सिंह को दी।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गम्भीर रूप से घायल को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी मवई लेकर गई जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस सम्बंध में पटरंगा थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि बाइक सवार अतुल कुमार सक्शेना सहादतगंज नौबस्ता लखनऊ निवासी कहीं पटरंगा की ओर जा रहे थे जिनकी अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई।उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल से उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है उन्होंने बताया कि घटना के बाद अज्ञात वाहन फरार हो गया।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।